दुर्गा शिक्षण समिति द्वारा संचालित

# दुर्गा महाविद्यालय

पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. द्वारा मान्यता प्राप्त

**हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम**

**गौरवमयी 67 वर्ष**







## विवरणिका सत्र – 2018–19

जिनके स्तुत्य दान से छत्तीसगढ़ अंचल में
शिक्षा के नये आयाम उद्घाटित हुए



संस्थापक दान-दाता
स्व. पंडित रामनारायण जी दीक्षित
(भूतपूर्व मालगुजार, रायपुर)

जिनकी पावन मूर्तिमन्त स्मृति है
दुर्गा महाविद्यालय



स्व. कु. दुर्गा बाई दीक्षित
सुपुत्री : स्व. श्री लल्लू प्रसाद जी दीक्षित-स्व. बृजरानी बाई
भतीजी : स्व. रामनारायण जी दीक्षित



# हमारे प्रेरणा स्त्रोत



स्व. श्री एम. भादुड़ी

स्व. श्री पी. भादुड़ी

दुर्गा महाविद्यालय का इतिहास सन् 1951 से प्रारंभ होता है। स्व. पंडित रामनारायण जी दीक्षित के अतुलनीय दान, रायपुर नगर के विधिवेत्ताओं क्रमशः श्री पी. भादुड़ी, श्री एम. भादुड़ी एवं अन्य की निष्काम सेवा तथा सक्रिय सहयोग से दुर्गा शिक्षण समिति द्वारा इस संस्था की स्थापना हुई। निष्काम सेवाभाव की नींव पर आधारित यह महाविद्यालय छत्तीसगढ़ का एक अग्रणी महाविद्यालय माना जाता है। केवल 56 विद्यार्थियों को लेकर शिक्षा के महायज्ञ में उतरा यह महाविद्यालय आज लगभग 3000 से अधिक अध्येताओं को शिक्षा देने में संलग्न है। इस महाविद्यालय में कला निकाय में 11 विषयों में स्नातक स्तर की तथा हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, भूगोल तथा वाणिज्य में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा एवं व्यवसाय प्रबंध एवं लेखांकन में स्नातक पश्चात् डिप्लोमा में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। सत्र 2002-2003 से महाविद्यालय में कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की स्थापना की गई है, जिसमें पी.जी.डी.सी.ए., डी.सी.ए., बी.सी.ए., बी.बी.ए. एवं बी. कॉम कम्प्यूटर का अध्ययन हो रहा है। सत्र 2010-11 से महाविद्यालय में बी. एड. पाठ्यक्रम जारी है। राजनीति विज्ञान एवं वाणिज्य में एम.फिल के अध्ययन की सुविधा दुर्गा महाविद्यालय में है। दुर्गा महाविद्यालय, विश्वविद्यालय द्वारा 05 विषयों में पी.एच.डी. शोध केन्द्र के रूप में भी मान्य है।

संरचना : यह महाविद्यालय सुदृढ़ राष्ट्रीयता एवं जाति, धर्म, वर्ण निरपेक्षता का अनुपम उदाहरण है। सांस्कृतिक-धार्मिक-भाषिक-पारिधानिक-पारम्परिक विविधताओं का लघु भारत है - यहां का गुरू, शिष्य, कर्मचारी परिवार। किसी भी तरह का धार्मिक और राजनैतिक प्रचार-प्रदर्शन तथा भेदभाव महाविद्यालय में वर्जित है।

आदर्श वाक्य : महाविद्यालय का आदर्श वाक्य है - 'विद्या धर्मेण शोभते' छात्रों, अध्यापकों और कर्मचारियों के बीच आदर्श सामंजस्य का सतत् विकास इस आदर्श वाक्य के सत्य और तत्व को पूर्ण रूप से ग्रहण करने का परिणाम है। महाविद्यालय इस भावना को बनाए रखने हेतु हम सतत् प्रयत्नशील और समर्पित है। दानदाताओं के त्याग भावना, को बनाये रखने हेतु हम सतत् प्रयत्नशील और समर्पित है। हम विश्वास करते है कि दानदाताओं की त्याग भावना, जनता की शुभेच्छाओं, विश्वविद्यालय का मार्गदर्शन, अध्यापकों की कर्तव्य-निष्ठा से महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य के निर्माण तथा विकास के क्षितिजों का संधान करने में समर्थ होंगे।

दुर्गा शिक्षण समिति द्वारा संचालित

## दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

# दुर्गा महाविद्यालय

## पाठ्यक्रम

**बी. कॉम. एवं बी. कॉम.**
(कम्प्यूटर)

**एम. कॉम.**
(चार सेमेस्टर)

**बी.ए.** — समाज शास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य/उर्दू, अर्थशास्त्र/भाषा विज्ञान, दर्शनशास्त्र/मनोविज्ञान/भूगोल एवं इतिहास/अंग्रेजी साहित्य

**एम.ए.** — हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र एवं भूगोल (चार सेमेस्टर)

**एम.फिल.** — वाणिज्य एवं राजनीतिशास्त्र (एक वर्षीय पाठ्यक्रम)

**बी.एड.** — द्वि वर्षीय पाठ्यक्रम (चार सेमेस्टर)

**बी.सी.ए.** — तीन वर्षीय पाठ्यक्रम

**बी.बी.ए.** — तीन वर्षीय पाठ्यक्रम (छः सेमेस्टर)

**पी.जी. डी.सी.ए.** — एक वर्षीय पाठ्यक्रम (दो सेमेस्टर)

**डी.सी.ए.** — एक वर्षीय पाठ्यक्रम (दो सेमेस्टर)



# प्राचार्य की कलम से .....



दुर्गा महाविद्यालय के 67 वर्ष में प्रवेश के अवसर पर सर्वप्रथम मैं महाविद्यालय के सतत् विकास में योगदान देने वाले विद्यार्थियों, पालकों, अभिभावकों, दान-दाताओं, प्रबंधकों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं शुभ-चिंतकों का आभारी हूँ।

समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचने के लिए विगत 67 वर्षों से दुर्गा महाविद्यालय राजधानी में न्यूनतम शुल्क पर उच्च शिक्षा प्रदान करने में संलग्न है। आज के युवा वर्ग की प्रत्याशा के अनुरूप उनका सर्वांगीण विकास करने हेतु हमने पूर्व में संचालित परम्परागत पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त बी.बी.ए., बी.सी.ए., पी.जी.डी. सी.ए., डी.सी.ए. एवं बी.एड. जैसे व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। साथ ही नवीनतम उपकरणों एवं तकनीकों से महाविद्यालय को सुसज्जित किया है। महाविद्यालय में एक साथ 50 विद्यार्थियों के लिए इंटरनेट एवं नेटवर्किंग सुविधा युक्त कम्प्यूटर प्रयोगशाला है।

आपका पाल्य हमारे लिए अमूल्य एवं महत्वपूर्ण है, इसलिए महाविद्यालय का प्रयास सर्वोत्तम शैक्षणिक एवं अनुशासनपूर्ण वातावरण का निर्माण कर उनके भविष्य एवं करियर को एक दिशा देना है। इस कार्य हेतु हमारे प्राध्यापक सतत् प्रयत्नशील रहते हैं।

वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर के अनेक विद्वान, प्रशासनिक अधिकारी, मंत्री एवं राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दुर्गा महाविद्यालय की देन है। अंत में मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि आपका पाल्य इस महाविद्यालय का हिस्सा बनकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करेगा।

इसी विश्वास के साथ<br>
डॉ. एस. एस. खनूजा<br>
प्रभारी प्राचार्य<br>
दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर



**अध्ययन व्यवस्था :** महाविद्यालय में निम्नलिखित विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था है -

**बी.ए. :** 1. समाज शास्त्र
2. राजनीति विज्ञान
3. हिन्दी साहित्य/उर्दू
4. अर्थशास्त्र/भाषा विज्ञान
5. दर्शनशास्त्र/मनोविज्ञान/भूगोल
6. इतिहास/अंग्रेजी साहित्य

आधार पाठ्यक्रम के साथ उपरोक्त 6 (छः) विषय समूहों में से किसी भी 3 (तीन) विषय समूह विद्यार्थी को चयन करना होगा। बी.ए. भाग-1 में लिए गए विषय बी.ए. भाग 3 तक अपरिवर्तनीय होंगे। इसमें परिवर्तन किसी दशा में संभव नहीं है। बी.ए. में पर्यावरण अध्ययन विषय का भी अध्ययन करना होगा।

**एम.ए. :** महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न विषयों की सेमेस्टर के आधार पर अध्यापन की व्यवस्था है :-

(1) हिन्दी, (2) अंग्रेजी,
(3) राजनीति विज्ञान, (4) भूगोल

**एम.फिल. (राजनीति विज्ञान) :** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र के रूप में इस का पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है।

**वाणिज्य स्नातक पाठ्यक्रम :**

**बी.कॉम :** वाणिज्य संकाय में स्नातक स्तर (बी.कॉम) भाग-1 एवं भाग-2 विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी विषय अनिवार्य है। भाग-3 में वैकल्पिक विषयों में से छात्रगण किसी भी एक समूह का चयन अपनी योग्यता व क्षमता के अनुसार कर सकते हैं। बी.कॉम में अतिरिक्त विषय के रूप में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषय विद्यार्थी चयन कर सकता है। बी.कॉम में पर्यावरण अध्ययन विषय का भी अध्ययन करना अनिवार्य होगा।

**बी.बी.ए. :** विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषयों के साथ छः सेमेस्टर पर आधारित पाठ्यक्रम

**वाणिज्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम -**
1. एम.कॉम (चार सेमेस्टर),
2. डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट,
3. डिप्लोमा इन एकाउन्ट्स

**एम.फिल (वाणिज्य) :** एम.फिल का पाठ्यक्रम पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र के रूप में संचालित हो रहा है।

**कम्प्यूटर विज्ञान :**
1. बी.कॉम (अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर एप्लीकेशन)
2. पी.जी.डी.सी.ए.
3. डी.सी.ए.
4. बी.सी.ए.





**बी.एड.**

एन.सी.टी.ई. एवं एस.सी.ई.आर.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम बी.एड. 2010-11 से प्रारंभ किया गया है। बी.एड. के लिए निर्धारित विद्यार्थियों की संख्या 100 है। वर्तमान में यह सेमेस्टर प्रणाली युक्त द्विवर्षीय पाठ्यक्रम है। यह विभाग सर्व सुविधायुक्त शिक्षा तकनीक, मनोविज्ञान प्रयोगशाला से सुसज्जित है।

**यू.जी.सी.-नेटवर्क रिसोर्स सेन्टर** : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के सहयोग से दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर में यू.जी.सी. नेटवर्क रिसोर्स सेन्टर की स्थापना की गई है।

**शैक्षणिक सत्र** : महाविद्यालय का शैक्षणिक सत्र 2018-19, 1 जून 2018 से प्रारंभ होगा। महाविद्यालय में अध्यापन कार्य दो पालियों में संचालित होगा।

**प्रथम पाली** : प्रातः 7.30 से 2.30 बजे तक बी.एड. एवं कम्प्यूटर (बी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए., डी.सी.ए.) बी.वी.ए.।

**द्वितीय पाली** : 10.30 से 5.30 बजे तक बी.ए./बी.कॉम, एम.ए./एम.कॉम, एम.फिल (राजनीति शास्त्र, वाणिज्य)

**पाठ्येत्तर शिक्षण गतिविधियां एवं प्रोत्साहन -**

विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए महाविद्यालय में निम्नलिखित सुविधायें उपलब्ध हैं :-

**1. एन.सी.सी./एन.एस.एस. -** महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए एन.सी.सी (थल एवं वायु सेना विंग) संचालित है और एन.एस.एस. का भी गठन किया गया है। छात्रों को इनमें से किसी एक में अवश्य प्रवेश लेना चाहिए इस हेतु प्रभारी प्राध्यापक से सम्पर्क करें।

**2. क्रीड़ा प्रशिक्षण -** महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था है। क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण दिया जाता है।

**3. छात्र परिषद -** छात्र परिषद के सम्पोषक प्राचार्य होते हैं, जो अपने अधिकार से प्रभारी प्राध्यापक को मनोनीत करते हैं।

**4. स्नेह सम्मेलन -** उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्तावित अकादमिक कलेण्डर के अनुसार प्रदेश के महाविद्यालयों में वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न कराया जाता है।

**ग्रंथालय -**

1. प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्रा को शुल्क का भुगतान करने के बाद बैंक से मिली चालान की प्रति को दिखाकर ग्रंथपाल से अपना लायब्रेरी कार्ड अविलंब बनवा लेना चाहिए।
2. ग्रंथपाल सूचना जारी करेंगे जिसमें पुस्तक देने के लिए प्रत्येक कक्षा हेतु दिन और समय निर्धारित रहेंगे। पुस्तकें निर्धारित दिन और समय में दी जावेगी।
3. संदर्भ ग्रंथों को पढ़ने के लिए ग्रंथालय प्रातः 7.30 से दोपहर 2.30 (बी.एड. एवं कम्प्यूटर) खुला रहेगा।
4. सुबह 10.30 से शाम 5.30 बजे तक (बी.ए., बी.कॉम/एम.ए., एम. कॉम/एम.फिल.) खुला रहेगा।
5. स्नातक कक्षाओं के लिए प्रति छात्र दो पुस्तकें और स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रति छात्र तीन पुस्तकें दस दिनों के लिए दी जावेगी।
6. परीक्षा में सम्मिलित होने के पूर्व सभी पुस्तकें लौटाना अनिवार्य है।

7. **ग्रंथालय विषयक अर्थदण्ड के प्रावधान -** पुस्तक वापसी की निर्धारित तिथि के बाद से बीस दिनों तक 2.00 रू. प्रतिदिन प्रति पुस्तक और उसके बाद 5.00 रू. प्रतिदिन प्रति पुस्तक वापसी की तिथि तक देय होगा।

**प्रवेश-विषयक सूचनाएँ**

**प्रवेश हेतु पात्रता**

**(अ) स्नातक भाग-1**

1. **आयु - 1 जुलाई को 22 वर्ष से कम** (महिलाओं और कुछ वर्गों को नियमानुसार छूट)
2. मा.शि.मं. छत्तीसगढ़ की 12वीं की परीक्षा या अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय की समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। कोई भी विद्यार्थी जिसने अर्हतावाली परीक्षा (10+2) किसी भी संकाय से उत्तीर्ण की हो, उसे बी.कॉम/बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश की पात्रता है।
3. 12वीं अथवा समकक्ष परीक्षा में पूरक प्राप्त आवेदकों को प्रवेश की पात्रता नहीं है।
4. विगत-सत्र में स्नातक भाग-1 परीक्षा में **अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित आवेदकों को पुनः प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**
5. किसी संकाय में स्नातक-उपाधि प्राप्त कर चुके आवेदक को अन्य संकाय के स्नातक भाग-1 में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
6. यदि विद्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष में संकाय परिवर्तन कर प्रवेश चाहता है, तो उसके प्राप्तांकों में से 5 प्रतिशत घटाकर उनका गुणानुक्रम निर्धारित किया जायेगा। अधिभार घटे हुए प्राप्तांकों पर देय होगा।

**(ब) स्नातक भाग - 2 एवं 3**

इन कक्षाओं में केवल उन्हीं आवेदकों को प्रवेश दिया जावेगा, जो विगत सत्र में स्नातक भाग-1 एवं 2 में इस महाविद्यालय के नियमित अध्येता के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तीर्ण/पूरक के लिए पात्र घोषित हुए हैं। इन्हें परीक्षाफल घोषित होने के 10 दिनों के भीतर शुल्क जमा कर प्रवेश **नवीनीकरण कराना होगा।**

**(स) स्नातकोत्तर सेमेस्टर - 1 एवं 2**

1. स्नातक परीक्षा में द्वितीय श्रेणी या उच्चतर प्राप्तांक वाले आवेदक ही प्रवेश के पात्र माने जायेंगे।
2. आयु सीमा और छूट नियमानुसार लागू रहेगी।
3. स्नातक परीक्षा में पूरक के पात्र आवेदकों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
4. विगत सत्र की स्नातकोत्तर सेमेस्टर 1 तथा 2 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण या परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परीक्षार्थी को उसी कक्षा में पुनः प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
5. गेप वाले आवेदकों को प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
6. ऐसे विषय में प्रवेश चाहने पर, जो स्नातक स्तर में नहीं लिए गए थे या अन्य संकाय में प्रवेश चाहने पर, प्राप्तांक के योग का 5 प्रतिशत कम किया जावेगा।
7. किसी एक विषय में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण हो चुके अध्येता को अन्य विषय में स्नातकोत्तर पूर्व में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।

**(द) स्नातकोत्तर अंतिम - सेमेस्टर 3 एवं 4**

इन कक्षाओं में केवल उन्हीं आवेदकों को प्रवेश दिया जाएगा, जो महाविद्यालय के नियमित छात्र के रूप में परीक्षा में उत्तीर्ण या पिछले सेमेस्टर ATKT प्राप्त हो।

**(इ) एम.फिल. वाणिज्य एवं राजनीति विज्ञान**

न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक लेकर संबंधित विषय की स्नातकोत्तर उपाधि एवं स्नातक में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश विश्वविद्यालयीन नियमानुसार दिया जाएगा।

**निम्नलिखित छात्र प्रवेश के लिए अपात्र माने जायेंगे**

1. जिनके विरूद्ध आपराधिक या अनैतिक आचरण के मामले चल रहे हो।
2. जिनके विरूद्ध महाविद्यालय की अनुशासन समिति/महाविद्यालय परिषद/प्राचार्य ने गंभीर आपराधिक/अनैतिक/अशोभनीय आचरण के परिप्रेक्ष्य में प्रवेश न देने का निर्णय लिया हो।



**महाविद्यालय का ईकोप्रूफ सभाभवन**



**महाविद्यालय की कम्प्यूटर प्रयोगशाला**

3. जो परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग करने, परीक्षा में दुर्व्यवहार या बल प्रयोग करने अथवा परीक्षा संचालन में बाधा उत्पन्न करने के दोषी पाए गए हों।
4. जिनके विरूद्ध अध्ययन-अध्यापन में बाधा डालने, महाविद्यालय सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने अथवा महाविद्यालय परिसर में अवांछित गतिविधियां करने की शिकायत हो।
5. **स्नातक स्तर पर 22 वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 27 वर्ष से** अधिक आयु के आवेदकों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। सभी अ.जा./अ.ज.जा./पिछड़े वर्ग/महिला आवेदकों के लिए शासकीय नियमानुसार आयु सीमा में छूट की पात्रता होगी।

**i प्रवेश हेतु निम्नांकित प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है -**

(अ) 10वीं से अब-तक उत्तीर्ण परीक्षा की समस्त अंकसूची की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि।

(ब) मूल स्थानांतरण प्रमाण-पत्र।

(स) चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रति।

**ii. निम्नलिखित प्रमाण-पत्र आवश्यक होने पर संलग्न किया जावे :-**

(अ) माध्यमिक शिक्षा मंडल के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/वि.वि. परीक्षा में उत्तीर्ण प्रवेशार्थियों को प्रवजन प्रमाण-पत्र एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से पात्रता प्रमाण-पत्र की प्रति आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

(ब) नामांकन हेतु दसवीं की अंकसूची।

(स) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग (चिकनी परत को छोड़कर) विकलांग/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का प्रमाण-पत्र संबंधित प्रवेशार्थी जमा करेंगे।

(द) एन.सी.सी./एन.एस.एस./क्रीड़ा/सांस्कृतिक, सामाजिक क्रियाकलाप का प्रमाण पत्र यदि प्रादेशिक या राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया हो।

6. महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधायें मुख्यतः छत्तीसगढ़ के निवासी के लिए हैं। यह प्रतिबंध छत्तीसगढ़ में पदस्थ अन्य प्रदेश सरकार तथा केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों, राष्ट्रीयकृत बैंक तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की पुत्र-पुत्रियों पर लागू नहीं होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर के छात्रों को प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त कर जमा करना अनिवार्य है।

**प्रवेश प्रक्रिया :-**

1. प्रवेश आवेदन पत्र जमा होने के बाद महाविद्यालय में सूची प्रकाशित की जाएगी।
2. वि.वि. नामांकन फार्म भरना भी आवश्यक होगा।
3. प्रवेश स्वीकृत होने के पश्चात् निर्धारित शुल्कों का भुगतान निर्धारित तिथि तक देना बैंक, दुर्गा महाविद्यालय, शाखा में करना अनिवार्य है। शुल्क **निर्धारित तिथि तक जमा न होने पर प्रवेश स्वयमेव निरस्त हो जावेगा, इसके लिए छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।**
4. प्राचार्य को यह अधिकार है कि वे बिना कारण बताये किसी भी अध्येता का प्रवेश निरस्त कर सकेंगे।

## आरक्षण, अधिभार एवं छूट

1. शासकीय नियमों एवं निर्देशों के अनुसार, अनु.जाति, अनु. जनजाति, पिछड़ा वर्ग (चिकनीपरत को छोड़कर) विकलांग तथा स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र/पुत्री तथा पौत्र/पौत्री को आरक्षण की सुविधा रहेगी।
2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 18 प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे। पिछड़े वर्ग (चिकनीपरत को छोड़कर) के आवेदकों के लिए 14 प्रतिशत स्थान आरक्षित होंगे। सभी वर्गों में उपलब्ध स्थानों में 30 प्रतिशत स्थान महिला छात्राओं के लिए आरक्षित होंगे।
3. गुणानुक्रम के निर्धारण हेतु शासकीय नियमों एवं निर्देशों का पालन करते हुए एन.एस.एस./एन.सी.सी. एवं क्रीड़ा विषयक अधिभार की सुविधा प्रदान की जावेगी।

## अनुशासन और नियम

1. छात्र/छात्राओं का महाविद्यालय परिसर में आचरण और व्यवहार महाविद्यालय की प्रतिष्ठा के अनुरूप रहे।
2. छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय या उसकी किसी गठित इकाई के नाम पर बाहर से किसी भी तरह से चंदा या दान लेना पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।
3. हिंसा, आतंक, धार्मिक उन्माद, नशाखोरी और अनैतिक गतिविधियों से छात्र/छात्राएँ दूर रहें। यदि ऐसे आरोपों से वे प्रमाणित हुए तो उन्हें तत्काल महाविद्यालय से निकाल दिया जाएगा।
4. महाविद्यालय की सम्पत्ति, भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि की सुरक्षा और स्वच्छता प्रत्येक अध्येता का दायित्व होगा। महाविद्यालय की दीवारों पर लिखना या पोस्टर चिपकाना मना है। ऐसा करने वालों को अर्थदंड के अलावा महाविद्यालय से निकाले जाने का दंड दिया जा सकता है साथ ही कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।
5. विश्वविद्यालय अधिनियम में अनुशासनहीनता विषयक प्रावधान-विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अधीन बनाए गए अध्यादेश क्रमांक 7 की धारा 13 के अनुसार महाविद्यालय के छात्र/छात्रा द्वारा महाविद्यालय में अथवा बाहर अनुशासनहीनता किए जाने का, किए जाने पर, ऐसे छात्र-छात्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्राचार्य सक्षम है। अनुशासनहीनता के लिए अध्यादेश में निम्नांकित दंड का प्रावधान है।

   (1) निलम्बन (2) निष्कासन (3) विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित करना।



6. अनुशासहीनता, लगातार अनुपस्थिति, शुल्कों का नियमित जमा न किया जाना, असंतोषजनक आचरण, रैगिंग आदि के कारण प्राचार्य किसी भी अध्येता का नाम महाविद्यालय सूची से काटने में सक्षम है।
7. अध्येताओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आते समय परिचय पत्र (आई कार्ड) साथ में रखना अनिवार्य है। परिचय पत्र के बिना आने पर पहली बार 50 रू. तथा अगली बार 80 रू. अर्थदंड भरना होगा। आई कार्ड में पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटा लगाया जाए। परिचय पत्र खो जाने या नष्ट हो जाने पर पुलिस रिपोर्ट एवं शपथ पत्र के साथ 50 रू. शुल्क जमा करने पर दूसरा परिचय पत्र दिया जाएगा। परिचय पत्र की जाँच कभी भी की जा सकती है।
8. छात्र/छात्राओं को सायकल, स्कूटर या अन्य वाहन स्टैण्ड पर रखना अनिवार्य है। अन्यत्र रखने पर आर्थिक दंड लगाया जायेगा। **स्टैण्ड से अन्यत्र रखा वाहन चोरी हो जाता है तो महाविद्यालय का दायित्व नहीं होगा।**
9. छात्रों और छात्राओं के लिए पृथक-पृथक छात्र कक्ष

और छात्रा कक्ष है। खाली पीरियड में उनका उपयोग किया जाए महाविद्यालय परिसर में घूमने वाले अध्येताओं पर अनुशासनहीनता की कार्यवाही की जाएगी।

10. यदि छात्र/छात्राओं को व्यक्तिगत स्तर पर या सामूहिक रूप से कोई कठिनाई हो या किसी काम को करने की अनुमति लेनी हो तो वे विभागाध्यक्ष अथवा प्राचार्य को लिखित निवेदन देंगे।

11. अध्येताओं को अध्ययन हेतु निर्धारित समय पर कक्षाओं में उपस्थिति आवश्यक है।

**रैगिंग पूर्णतः प्रतिबंधित**

छत्तीसगढ़ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रताड़ना (रैगिंग) का प्रतिषेध अधिनिमय 2001 के अंतर्गत रैगिंग से अभिप्रेत है किसी छात्र को मजाक पूर्ण व्यवहार से या अन्य प्रकार से उत्प्रेरित, बाध्य या मजबूर करना जिससे उसके मानवीय मूल्यों का हनन या उसके व्यक्तित्व का अपमान या उपहास अभिदर्शित होता हो या किसी विधि पूर्ण कार्य करने से प्रविरत करना आपराधिक, दोषपूर्ण अवरोध, दोषपूर्ण परिरोध या उसे क्षति पहुँचाना या उस पर आपराधिक बल के प्रयोग द्वारा या ऐसी आपराधिक धमकी, दोषपूर्ण अवरोध, दोषपूर्ण परिरोध, क्षति या आपराधिक बल प्रयोग करना।

**रैगिंग में लिप्त होने पर दिया जाने वाला दण्ड**

(1) प्रवेश निरस्त किया जाना।
(2) संस्था से निष्कासित किया जाना।
(3) छात्रवृत्ति अथवा अन्य सुविधा रोकना।
(4) परीक्षाओं से वंचित करना।
(5) परीक्षा परिणाम रोकना।
(6) राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय तथा युवा उत्सव में भाग लेने पर प्रतिवंध।
(7) पाँच साल तक कारावास की सजा या 5000 रूपये जुर्माना या दोनों।

**उपस्थिति संबंधी विश्वविद्यालय के नियम**

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के अधीन अध्यादेश क्रमांक 6 के अनुसार महाविद्यालय के नियमित छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है। इस प्रावधान का पालन दृढ़तापूर्वक किया जाएगा।




**विशेष** : जाली प्रमाण पत्रों, गलत जानकारी, जानबूझकर छिपाये गए तथ्यों, प्रशासकीय अथवा कार्यालयीन असावधानीवश यदि किसी आवेदक को प्रवेश मिल गया है, तब ऐसे प्रवेश को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्राचार्य को है।

**पोस्टर चिपकाना व दीवारों पर लिखना प्रतिबंधित :**

महाविद्यालय की दीवारों पर लिखना या पोस्टर चिपकाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसा करने वालों को अर्थदंड के अलावा महाविद्यालय से निकाले जाने का दंड दिया जा सकता है। साथ ही कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

**महत्वपूर्ण सूचनाएँ :**

1. **दुर्गा महाविद्यालय की कक्षाओं में मोबाईल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है।**
2. **दुर्गा महाविद्यालय परिसर में परीक्षा के दौरान मोबाईल लाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।**
3. **महाविद्यालय परिसर में स्कार्फ/नकाब बांधकर प्रवेश एवं विचरण प्रतिबन्धित है।**
4. **महाविद्यालय परिसर CCTV की सतत निगरानी में है। फुटेज किसी व्यक्ति को मांगने पर नहीं दिया जाएगा।**
5. **ई-लाइब्रेरी की विशेष सुविधा।**
6. **अवकाश के दिनों में खेल मैदान सहित महाविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।**
7. **महाविद्यालय में अनाधिकृत प्रवेश वर्जित है।**

# महाविद्यालय के अध्यापक

## वाणिज्य

डॉ. के.के. बेगानी, सहायक प्राध्यापक
डॉ. बबीता पाठक, सहायक प्राध्यापक
डॉ. एस. के. अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक
डॉ. ए. के. शर्मा, सहायक प्राध्यापक
डॉ. राजेन्द्र कुमार शुक्ला, सहायक प्राध्यापक
डॉ. व्ही. के. चौबे, सहायक प्राध्यापक
प्रो. मीना पिंजानी, सहायक प्राध्यापक
डॉ. जी. एस. गुप्ता, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. दिव्या शुक्ला, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. वसीमुद्दीन, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. सुखप्रीत कौर, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. श्वेता पाण्डेय, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. टी. विजय भारती, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. तबस्सुम निशा, संविदा सहायक प्राध्यापक

## हिन्दी

डॉ. आर. के. तिवारी, सहायक प्राध्यापक
डॉ. रोशनी मिश्रा, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. नीलिमा शर्मा, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. गणेश शंकर पाण्डेय, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा, संविदा सहायक प्राध्यापक

## अंग्रेजी

डॉ. मधु कामरा, सहायक प्राध्यापक
डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार सहायक प्राध्यापक
डॉ. दीपाली शर्मा, सहायक प्राध्यापक
प्रो. श्रीमती योगिता लोनारे, संविदा सहायक प्राध्यापक
डॉ. संजुक्ता मुखर्जी राय, संविदा सहायक प्राध्यापक

## अर्थशास्त्र

डॉ. एन. श्रीवास्तव, सहायक प्राध्यापक

## भाषा विज्ञान

डॉ. मोतीलाल साकार, संविदा सहायक प्राध्यापक

## इतिहास

डॉ. के. के. पटेल, सहायक प्राध्यापक

## राजनीति शास्त्र

डॉ. ए. के. चन्द्राकर, सहायक प्राध्यापक
डॉ. सुष्मिता सेन, सहायक प्राध्यापक
डॉ. सुभाष चन्द्राकर, सहायक प्राध्यापक
डॉ. अमन झा, संविदा सहायक प्राध्यापक

## भूगोल

डॉ. पूर्णिमा शुक्ला, सहायक प्राध्यापक
डॉ. जे. के. होता, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. श्रीमती सुनीता चनसोरिया, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. संजीब प्रामानिक, संविदा सहायक प्राध्यापक

## समाजशास्त्र

डॉ. राजेश शुक्ला, सहायक प्राध्यापक

## उर्दू

डॉ. आस्मा सईद, सहायक प्राध्यापक

## दर्शनशास्त्र

डॉ. रंजना शर्मा, सहायक प्राध्यापक

## मनोविज्ञान

डॉ. शकुन्तला दुल्हानी, संविदा सहायक प्राध्यापक

## खेल

श्री बी.एस. चंदेल, क्रीड़ा अधिकारी (संविदा)

## कम्प्यूटर

प्रो. रवीन्द्र सिंह राजपूत, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. विभा दुबे, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. कविता भारती, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. अजय कुमार देवांगन, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. मोनिका पटेल, संविदा सहायक प्राध्यापक
प्रो. चेतना नायक, संविदा सहायक प्राध्यापक



दुर्गा महाविद्यालय शोध-केन्द्र से पीएच.डी. उपाधि प्राप्त शोधार्थी को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये

## शिक्षा

डॉ. अर्चना गोमास्ता, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. प्रगति दुबे, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. नमिता खोटेले, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. संजीवनी ठाकुर, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. कुसुम राठौर, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
प्रो. श्रीमती प्रतिभा खंडेलवाल, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)
डॉ. इति बेनर्जी, सहायक प्राध्यापक (परि. 28)



हिन्दी विभाग के संगोष्ठी में प्रसिद्ध साहित्यकार अल्का सरावगी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण

# विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु देय राशि

**नियमित पाठ्यक्रम** | **स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत पाठ्यक्रम**

| स. क्र. | विवरण | बी.कॉम. प्रतिवर्ष | बी.कॉम. (कम्प्यूटर) प्रतिवर्ष | बी.ए. प्रतिवर्ष | एम.कॉम. प्रतिवर्ष | एम.ए. प्रतिवर्ष | एम.ए. प्रेक्टिकल प्रतिवर्ष | बी.बी.ए. प्रतिवर्ष | बी.सी.ए. प्रतिवर्ष | पीजीडीसीए वार्षिक | डीसीए वार्षिक | बी.एड. | एम.फिल. राजनीति / वाणिज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रवेश शुल्क | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | शासन द्वारा निर्धारित देय राशि | 200 |
| 2. | शिक्षण शुल्क (50 प्रतिशत शासन को देय) | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | | 200 |
| 3. | परिचय पत्र | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | | 15 |
| 4. | सायकल स्टैण्ड | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | 15 | | 15 |
| 5. | छात्र गतिविधियां (छात्र संघ, युवा उत्सव, पुरस्कार वितरण) | 70 | 70 | 70 | 70 | 70 | 70 | 70 | 70 | 70 | 70 | | 70 |
| 6. | ग्रंथालय कोष | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 200 | 500 | 500 | 500 | 200 | | 650 |
| 7. | शिक्षा प्रबंध कोष | 2500 | 2500 | 2500 | 3300 | 3300 | 3300 | 9900 | 9900 | 12000 | 4500 | | 7000 |
| 8. | विकास एवं रखरखाव कोष | 700 | 700 | 700 | 900 | 900 | 900 | 1000 | 1000 | 1500 | 500 | | 2800 |
| 9. | प्रशासनिक प्रबंध कोष | 1300 | 1300 | 1300 | 1800 | 1800 | 1800 | 4300 | 4300 | 4200 | 3000 | | 3900 |
| 10. | प्रयोगशाला | - | - | - | - | - | 50 | - | - | - | - | | - |
| 11. | सेमीनार | - | - | - | 150 | 150 | 150 | - | - | - | - | | - |
| 12. | कम्प्यूटर | - | 3000 | - | - | - | - | - | - | - | - | | - |
| 13. | शारीरिक कल्याण | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | | 100 |
| 14. | सेमेस्टर व्यय | - | - | - | 1000 | 1000 | 1000 | - | - | - | - | | - |
| 15. | शारीरिक कल्याण विश्वविद्यालय को देय | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | 50 | | 50 |
| 16. | नामांकन शुल्क | 100 | 100 | 100 | - | - | - | 100 | 100 | 100 | 100 | | - |
| 17. | नामांकन फार्म | 50 | 50 | 50 | - | - | - | 50 | 50 | 50 | 50 | | - |
| | | 5500 | 8500 | 5500 | 8000 | 8000 | 8050 | 16500 | 16500 | 19000 | 9000 | | 15000 |

## विश्वविद्यालय शुल्क विभिन्न स्थितिनुसार देय

(नामांकन फार्म एवं नामांकन शुल्क प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु अनिवार्य तथा अन्य हेतु लागू होने पर देय)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18. प्रव्रजन | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 19. नाम/उपनाम परिवर्तन | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 | 150.00 |
| 20. संकाय परिवर्तन | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |

## स्ववित्तीय पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित विद्यार्थी संख्या

| क्र. | विषय | अधिकतम सीट | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.बी.ए. (छः सेमेस्टर) | 40 | 3 वर्ष |
| 2. | बी.सी.ए. (वार्षिक) | 30 | 3 वर्ष |
| 3. | पी.जी.डी.सी.ए. (दो सेमेस्टर) | 60 | 1 वर्ष |
| 4. | डी.सी.ए. (दो सेमेस्टर) | 40 | 1 वर्ष |
| 5. | बी.एड. (द्विवर्षीय) | 100 | 2 वर्ष |
| 6. | एम.फिल. राजनीति विज्ञान (वार्षिक) | 10 | 1 वर्ष |
| 7. | एम.फिल. वाणिज्य (वार्षिक) | 10 | 1 वर्ष |

# एन.सी.सी. / एन.एस.एस. गतिविधियाँ

## प्रभारी प्राध्यापक

1. फ्लाइट लेफ्टीनेंट डॉ. व्ही. के चौबे (एयर विंग)
2. लेफ्टीनेंट डॉ. अर्चना गोमास्ता (थल सेना, छात्रा विंग)
3. केयर टेकर प्रो. कविता भारती (थल सेना, छात्र विंग)
4. प्रो. सुनीता चनसोरिया, कार्यक्रम अधिकारी (एन.एस.एस.)




थलसेना छात्र कैडेट पैरासेलिंग/रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण लेते हुए






एयर एन.सी.सी. के छात्रों की गणतंत्र दिवस दिल्ली एवं वायुसैनिक शिविर में भागीदारी






एन.सी.सी. थल सेना छात्रा विंग के कैडेटों द्वारा कम्यूनिटी डेव्लपमेंट कार्य




एन.एस.एस. के छात्र/छात्राएं श्रमदान करते हुए

# क्रीड़ा–गौरव

## सत्र 2017-18 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले दुर्गा महाविद्यालय के खिलाड़ी

| क्र. | खिलाड़ियों के नाम | खेल का नाम |
|---|---|---|
| 1. | मनीष साहू | ताइक्वाड़ो |
| 2. | संदीप साहू | ताइक्वाड़ो |
| 3. | राहुल तिवारी | ताइक्वाड़ो |
| 4. | अशोक साहू | केयाकिंग केनाइंग |
| 5. | मनीष देवांगन | केयाकिंग केनाइंग |
| 6. | विकास देवांगन | तैराकी |
| 7. | सुखदेव वर्मा | बालीबॉल |
| 8. | देवेश धृतलहरे | हैण्डबॉल |
| 9. | सौरभ यदु | क्रिकेट |
| 10. | त्रिपेश साहू | क्रिकेट |
| 11. | धीरज यादव | क्रिकेट |
| 12. | ओमप्रकाश | क्रिकेट |
| 13. | हेमंत साहू | क्रिकेट |
| 14. | रेणुका कोशरिया | टेबलटेनिस |
| 15. | मनोज साहू | साफ्टबॉल |
| 16. | डोमन ध्रुव | साफ्टबॉल |
| 17. | पूनम दीप | फुटबॉल |
| 18. | अंजली प्रधान | फुटबॉल |
| 19. | नीतू जगत | हॉकी |
| 20. | हेमलता कोशरे | पॉवरलिफ्टिंग |
| 21. | गौतम कुमार | पॉवरलिफ्टिंग |
| 22. | चन्द्रकांत जॉंगड़े | पॉवरलिफ्टिंग |
| 23. | अलफफन्सो लेपचा | तीरदांजी |
| 24. | भरत यादव | तीरदांजी |
| 25. | प्रीति साहू | तीरदांजी |
| 26. | गौतम कुमार | वेटलिफ्टिंग |
| 27. | संजय यादव | बाक्सिंग |
| 28. | मंजू यादव | बालीबॉल |
| 29. | टी जगदीश राव | बालीबॉल |
| 30. | लोकेश सिंह राजपूत | थाइकिक बाक्सिंग |
| 31. | प्रकाश सोनवानी | थाइकिक बाक्सिंग |









# गौरव–पदक विजेता

| क्र. | पदक का नाम | कक्षा | सत्र 2016-17 की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी स्मृति पदक | एम. कॉम चतुर्थ सेमेस्टर | प्रशांत कुमार प्रधान |
| 2. | स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी स्मृति पदक | एम.ए. अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर | तुलिका कुंडु |
| 3. | स्व. वैरिस्टर वामनराव देशमुख स्मृति पदक | एम.ए. राजनीति विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर | मालती दास |
| 4. | स्व. श्री अर्जुनदास धुप्पड़ स्मृति पदक | एम.ए. हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर | गरिमा सिंह |
| 5. | धुप्पड़ परिवार पदक | एम.ए. भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर | कु. देबरूपा चटर्जी |
| 6. | स्व. पंचानन भादुड़ी स्मृति पदक | वी.कॉम (समुच्चय) | ऋषभ केशरवानी |
| 7. | स्व. श्रीमती कौशल्या बाई स्मृति पदक | वी.ए. (समुच्चय) | योग्मय प्रधान |
| 8. | स्व. शशि धुप्पड़ स्मृति पदक | वी.ए. अंतिम वर्ष (छात्रा) इतिहास | कु. सविता |
| 9. | स्व. मेघराज वेगानी स्मृति पदक | वी.ए. अंतिम वर्ष दर्शन शास्त्र | संजीव कुमार साव |
| 10. | स्व. प्रो. डी. एस. काले स्मृति पदक | वी.ए. अंतिम वर्ष राजनीति विज्ञान | कु. टिकेश्वरी |
| 11. | स्व. चंदनमल सुराना स्मृति पदक | वी.कॉम भाग-एक | अनुभूति चोपड़ा |
| 12. | स्व. चंदनमल लोढ़ा स्मृति पदक | वी.कॉम भाग-दो | हेमंत कुमार |
| 13. | स्व. तुकाराम साकरकर स्मृति पदक | पी.जी.डी.सी.ए. | रिया यादव |
| 14. | स्व. प्रो. एफ. एल. शर्मा स्मृति पदक | एम.फिल. वाणिज्य | तबस्सुम निशा |
| 15. | स्व. डॉ. किशोर राव देशमुख स्मृति पदक | एम.फिल. राजनीति विज्ञान | अदिति तलवरे |
| 16. | स्व. राव साहव देशमुख स्मृति पदक | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी 2017-18 | सौरभ यदु |
| 17. | दुर्गा महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त | अध्यक्ष छात्रसंघ सत्र 2017-18 | पूर्णिमा दास |

- विभिन्न खेलों में पं. रविशंकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को महाविद्यालय की ओर से गौरवान्वित किया जाता है।
- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में अधिकतम अंक तथा प्राविण्यता प्राप्त अध्येताओं को महाविद्यालय द्वारा रजत पदक प्रदान किए जाते हैं। इस हेतु विद्यार्थी का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।
- श्रीमती राव साहब देशमुख द्वारा प्रदत्त राशि से खेलकूद के लिए विशेष पुरूस्कार दिया जाता है।
- प्रो. पी. व्ही. चंद्राकर द्वारा अपनी माताजी की स्मृति में दर्शनशास्त्र विभाग के उन्नयन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- स्व. मेघराज बेगानी स्मृति पदक बी.ए. दर्शनशास्त्र में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता को श्री बेगानी परिवार द्वारा प्रदान किया जाता है।
- दर्शनशास्त्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को आचार्य श्री जिनचन्द्र सूरी छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।
- स्व. शशि स्मृति पदक बी.ए. इतिहास में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता छात्रा को श्री धुप्पड़ परिवार द्वारा प्रदान किया जाता है।
- स्व. प्रो. डी. एस. काले स्मृति पदक, बी.ए. राजनीति विज्ञान में सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता को प्रो. काले परिवार द्वारा प्रदान किया जाता है।
- दुर्गा महाविद्यालय रायपुर द्वारा छात्र संघ अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह स्वरूप पदक दिया जाता है।

# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## छात्र-परिषद - 2017-18

## पदाधिकारी



**पूर्णिमा दास**
अध्यक्ष



**योग्मय प्रधान**
उपाध्यक्ष



**हेमन्त साहू**
सचिव



**अनुभूति चोपड़ा**
सह-सचिव



# दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

## छात्र-परिषद गठन - 2017-18 कक्षा प्रतिनिधियों के नाम

| क्र. | कक्षा | छात्र/छात्रा का नाम |
|---|---|---|
| 1. | एम.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर हिन्दी | पिंकी बंदे - (SC) |
| 2. | एम.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर अंग्रेजी | संपत्ति खातून (महिला आरक्षित) |
| 3. | एम.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान | शुभम पाणिग्राही |
| 4. | एम.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर भूगोल | लक्ष्मीश्री दास (महिला आरक्षित) |
| 5. | एम.ए. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर | गोपिका |
| 6. | बी.एड. तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर | जय साहू |
| 7. | एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर हिन्दी | दीपिका साहू |
| 8. | एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर अंग्रेजी | निरूपा साहू |
| 9. | एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान | सविता (महिला आरक्षित) |
| 10. | एम.ए. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर भूगोल | सतीश ध्रुव (ST) |
| 11. | एम.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर | दौलतराम |
| 12. | बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर | हाशीमा परवीन |
| 13. | पी.जी.डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर | राजकुमार साहू |
| 14. | बी.कॉम तृतीय वर्ष वर्ग ए | भूमिका जंघेल |
| 15. | बी.कॉम तृतीय वर्ष वर्ग बी | मनीष अग्रवाल |
| 16. | बी.कॉम भाग तृतीय वर्ष वर्ग सी | साक्षी सिंघानिया |
| 17. | बी.कॉम तृतीय वर्ष वर्ग डी | सुशांत सागर |
| 18. | बी.ए. भाग तीन वर्ग ए | अनिशा यादव |
| 19. | बी.ए. तृतीय वर्ष वर्ग बी | उमा जांगड़े (SC) |
| 20. | बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर | असफिया खान |
| 21. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष वर्ग ए | भारती साहू (महिला आरक्षित) |
| 22. | बी.कॉम. द्वितीय वर्ष वर्ग बी | खुशबू बख्शी (महिला आरक्षित) |
| 23. | बी.कॉम द्वितीय वर्ष वर्ग सी | निशा पटेल (महिला आरक्षित) |
| 24. | बी.कॉम द्वितीय वर्ष वर्ग डी | रितु देवांगन |
| 25. | बी.कॉम द्वितीय वर्ष वर्ग ई | उमेश पटेल |
| 26. | बी.ए. द्वितीय वर्ष वर्ग ए | ईश्वर |
| 27. | बी.ए. द्वितीय वर्ष वर्ग बी | विद्या साहू (महिला आरक्षित) |
| 28. | बी.सी.ए. द्वितीय वर्ष | भास्कर प्रसाद पटेल |
| 29. | बी.कॉम प्रथम वर्ष वर्ग ए | अमृत साहू (महिला आरक्षित) |
| 30. | बी.कॉम. प्रथम वर्ष वर्ग बी | गीतांजली कटकवार (OBC) |
| 31. | बी.कॉम प्रथम वर्ष वर्ग सी | मंजू साहू (महिला आरक्षित) |
| 32. | बी.कॉम प्रथम वर्ष वर्ग डी | पायल यादव |
| 33. | बी.कॉम प्रथम वर्ष वर्ग ई | पूजा जैशवाल |
| 34. | बी.कॉम प्रथम वर्ष वर्ग एफ | शुभम गुप्ता |
| 35. | बी.कॉम प्रथम वर्ष वर्ग जी | वंशिका गुप्ता |
| 36. | बी.ए. प्रथम वर्ष वर्ग ए | गायत्री साहू (महिला आरक्षित) |
| 37. | बी.ए. प्रथम वर्ष वर्ग बी | केशव राम |
| 38. | बी.ए. प्रथम वर्ष वर्ग सी | सरला साहू (महिला आरक्षित) |
| 39. | बी.सी.ए. प्रथम वर्ष | शिवानी कुमारी (महिला आरक्षित) |
| 40. | बी.बी.ए. प्रथम सेमेस्टर | प्रभजीत कौर |
| 41. | डी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर | गुलफशा |

# समाचार पत्रों में महाविद्यालय की गतिविधियों का प्रकाशन



**बॉलीवुड-छॉलीवुड सॉन्ग्स पर स्टूडेंट्स ने दी पर…**

दुर्गा कॉलेज में युवा फेस्ट का आयोजन

**दुर्गा कॉलेज में योग शिविर**

रायपुर. दुर्गा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को किया गया. शिविर में शिक्षा विभाग के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया. योग गुरु छबिराम साहू ने योग व आसन के विभिन्न आयामों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराते [illegible] …या. योग शिविर … विभागाध्यक्ष डॉ. … श्रीफल व शॉल … किया.

**डॉ. चौबे को शिक्षा मंत्री पुरस्कार**

रायपुर ● दुर्गा महाविद्यालय में पदस्थ फ्लाइट लेफ्टिनेंट डॉ. विजय कुमार चौबे को एनसीसी में किये गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षा मंत्री पुरस्कार से नवाजा गया। 25,000 की राशि का चेक व प्रशस्ति … एनसीसी इकाई के ऑफिसियेटिंग कमान अधिकारी कैप्टन एसवी देशमुख ने दिया। डॉ. चौबे कैडेट रह चुके है। वर्ष 1999 में कोयम्बटूर (तमिलनाडु) से एयर एनसीसी में कमीशन प्राप्त किया था। स्थानीय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय स्तर के लगभग 25 शिविरों में हिस्सा ले चुके है।

**दुर्गा कॉलेज में फेयरवेल पार्टी**

रायपुर. दुर्गा महाविद्यालय रायपुर में बीएड … का आयोजन किया. इसमें …

**प्रोफेसरों ने स्टूडेंट्स के लिए गाए नए-पुराने गा…**

दुर्गा कॉलेज में युवा महोत्सव का समापन

**दुर्गा महाविद्याल…**

**राजस्थानी घूमर ने जीता दिल, नाटक से दिया संदेश**

कलेक्टर ने कहा- कुछ बनना है तो लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें

**…कैडेट्स ने समझाया कैशलेस…**

**'युवा फेस्ट' में दिखा छत्तीसगढ़ी तीज-त्योहार का व्यंजन**

**चन्ना मेरेया-मेरेया, बेलिया ओ पिया... से गूंजा हॉल**

**प्रतिमा सम्मान समारोह में बताया मोर रायपुर मोर जिम्मेदारी**

**…महाविद्यालय में संचालित ए… …में व्यवसायियों को … एम, ई-वॉलेट, … साधनों के बारे में … के साथ-साथ … एनसीसी अफ… …सीसी कैडेट्स … जन-जाग… …यार सहित…**

**Donating life to unknown needy**

RAIPUR: Durga College NCC wing cadets donated 71 units of blood during the camp jointly organized by Red Cross Society and HDFC Bank here. Cadets belonging to all three wings donated the blood. According to Wing Commander D G Nair and Flight Lieutenant Dr Vijay Choubey from past four years cadet belonging to all three wings are donating blood. This year cadets donated 71 units of blood. Meanwhile, college Principal Dr Khanuja highlighted importance of blood donation. Present during the occasion were student union in-charge Dr Rakesh Tiwari, Dr Bahgel Awam (Red Cross Society), Udai Kishore (HDFC Bank), student union members and college staff.

**सिंगिंग कॉम्पिटिशन में स्टूडेंट्स ने लिया हिस्सा**

रायपुर. गीत-संगीत के बिना जिंदगी अधूरी है। उत्साह और उमंग के लिए लाइफ में मेलोडी की जरूरत है। इस बात को बच्चे से लेकर युवा और बड़े-बुजुर्ग भी मानते है।

स्टूडेंट्स भी इसमें पीछे नहीं है। तभी दुर्गा कॉलेज में आयोजित सिंगिंग कॉम्पिटिशन में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चन्ना मेरेया-मेरेया, बेलिया ओ पिया गाकर आशीष मिश्रा ने रंग जमा दिया। साथ ही ऋषभ ने कुछ तो बता जिंदगी में खूब तालियां बटोरी। शोएब ने कह दूं तुम्हें या चुप रहूं को शिद्दत से गाया। वहीं मनीष ने तुम ही हो, धनेश्वर ने आजा सनम, मधुर चांदनी में हम… की प्रस्तुति दी। इनके अलावा कल्याणी, अंजलि, रितु और कोमल व अन्य स्टूडेंट्स की पेशकश को जजेस डॉ. विजय चौबे, प्रो. सुनीता चनसौरिया और प्रो. प्रगति दुबे ने सराहा। प्रो. चौबे ने बताया कि … अंताक्षरी … समापन होगा।

# स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण


















# वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति 2018, शैक्षणेत्तर गतिविधियाँ एवं भ्रमण



















# युवा–महोत्सव गतिविधियाँ





















**सौ. कुसुमताई दाबके विधि महाविद्यालय**
के.के. रोड, मौदहा पारा, रायपुर (छ.ग.)
दूरभाष : 0771-2524500

**अध्यापित पाठ्यक्रम**
एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)
**Website : www.sktdlawcollege.in**

एवं

**विवेकानन्द महाविद्यालय**
के.के. रोड, मौदहा पारा, रायपुर (छ.ग.)

**अध्यापित पाठ्यक्रम**
- बी.कॉम
- एम.कॉम
- पी.जी.डी.सी.ए.
- बी.सी.ए.
- बी.बी.ए.

**Website : www.vivekanandcollege.in**

**दुर्गा शिक्षण समिति द्वारा संचालित अन्य महाविद्यालय**

मूल्य 100/-

# दुर्गा महाविद्यालय


के.के. रोड, मौदहा पारा, रायपुर फोन : 0771-2523753, फैक्स : 2884300
E-mail : info@durgacollege.in, principal@durgacollege.in, Website : www.dugracollege.in